Items: Bread, cheese, butter, olives, eggs, tomatoes, cucumbers, jam, honey and Kaymak (dairy product similar to clotted cream) served with Turkish tea
Food trivia: It is customary to say 'Afiyet Olsun' (May what you eat bring well being) before eating and 'Elinize Saglik' (Bless your hand, which is basically a compliment to the hostess), after the meal.

Vaishali Soni, GT Network

GT Travels to Burj-Al-Arab

Harsith Maann, AIS PV, VI D poses with his copy of The Global Times at Burj-Al-Arab on the Jumeriah Beach Road, Dubai, UAE. It is ranked as the third tallest hotel in the world. It stands on an artificially built island. The shape of the hotel is designed to mimic the sail of a ship.

Got some clicks with GT while on the go? Get them featured!
Send them to us at *gttravels@theglobaltimes.in*

GT pull Out

हिन्दी दिवस विशेष

Pulling out हिन्दी दिवस विशेष

सितम्बर 7, 2015

हम 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में प्रति वर्ष याद करते हैं। इस दृढ़ता के साथ कि हमें हिन्दी के अस्तित्व की रक्षा करनी है। विश्व बाजार के दौर में आज जब चारों ओर अँग्रेजी का बोलबाला है और इसके विरोध में खड़ी दूसरी भाषाएँ दम तोड़ रही हैं। ऐसे में हमारा यह दायित्व है कि हम हिन्दी के अस्तित्व को बचाए रखें। इसी कड़ी में हमारा यह प्रयास है।

हिन्दी मेरी शान

सलोनी अग्रवाल
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल पुष्प विहार, 9 डी

हिन्दी दिवस आता चौदह सितम्बर को,
पर कोई नहीं समझता इसकी महत्ता को।
संस्कृत की एक लाडली बेटी है ये हिन्दी,
सुन्दर, मनोरम और मीठी है यह हिन्दी।
अँग्रेजी से इसका कोई बैर नहीं है,
उसको भी अपनेपन से यह लुभाती है।
हर किसी के मुख पर है अँग्रेजी भाषा
हिन्दी को क्यों न किसी ने अपनाया।
मत भूलों, हिन्दी से है हिन्दुस्तान,
हिन्दी से है हमारी शान।
अगर हम करेंगे इस शुभ दिन हिन्दी का अपमान,
तो कोई हमें नहीं देगा सम्मान।

हिन्दी की विकास-गाथा

आदिकाल से लेकर उत्तर आधुनिक काल तक, सीढ़ी दर सीढ़ी विकास के अनगिनत सोपानों से गुजरती हिन्दी आज भाषा के शीर्ष पर पहुँच कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है

दिनेश कुमार, जीटी नेटवर्क

हिन्दी शब्द की उत्पत्ति 'सिन्धु' से जुड़ी है। 'सिन्धु' 'सिन्ध' नदी का नाम है। इसके आस–पास बसे क्षेत्र को सिन्धु प्रदेश कहा जाता है। संस्कृत का यह शब्द 'सिन्धु' ईरानियों के सम्पर्क में आकर 'हिन्दू' या 'हिन्द' हो गया। ईरानियों द्वारा उच्चारित इस 'हिन्दी' शब्द में ईरानी भाषा का 'एक' प्रत्यय लगने से 'हिन्दीक' शब्द बना है जिसका अर्थ है– हिन्द का। यूनानी शब्द 'इंडिका' या अंग्रेजी शब्द 'इण्डिया' इसी 'हिन्दीक' का विकसित रूप है।

भारतीय संस्कृति को विश्व की पुरातन सभ्यताओं में से एक माना जाता है। इसकी पुरातनता का एक प्रमाण तो यहाँ की भाषाएँ ही देती हैं। हिन्दी के विकास को निम्न कालखण्डों में विभाजित करके समझा जा सकता है– वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी का आदिकाल, हिन्दी का मध्यकाल तथा हिन्दी का आधुनिक काल। हिन्दी का साहित्य 1000 ईसवी से प्राप्त होता है। इससे पूर्व साहित्य अपभ्रंश में है। इसे हिन्दी की पूर्व पीठिका माना जा सकता है। आधुनिक भाषाओं का जन्म अपभ्रंश के विभिन्न रूपों से इस प्रकार हुआ है:

अपभ्रंश आधुनिक भाषाएं:
शौरसेनी: पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, पहाड़ी, गुजराती
पैशाची: लहंदा, पंजाबी
ब्राचड: सिन्धी
महाराष्ट्री: मराठी
मगधी: बिहारी, बांग्ला, उड़िया, असमिया
पश्चिमी हिन्दी: खड़ी बोली, बृज, हरियाणवी, बुण्देली
पूर्वी हिन्दी: अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
राजस्थानी: मारवाड़ी, पूर्वी राजस्थानी
पहाड़ी: पश्चिमी पहाड़ी, मध्यवर्ती पहाड़ी (गढ़वाली–कुमाऊँनी)
बिहारी: भोजपुरी, मगधी

आदिकाल: (1000–1500)

अपने आरम्भिक दौर में हिन्दी सभी बातों में अपभ्रंश के समीप थी। आदि अपभ्रंश में अ, आ, इ ऊ, ऐ औ ऋ और ई ये आठ स्वर इसी काल में हिन्दी में जुड़े। आरम्भिक काल सन् (1000–1100) ईसवी के आस–पास तक हिन्दी अपभ्रंश के निकट ही थी। इसका व्याकरण भी अपभ्रंश के समान था। धीरे–धीरे परिवर्तन होते गए और 1500 ईसवी आते–आते हिन्दी स्वतन्त्र रूप से खड़ी हुई ।1460 के आस–पास देश में हिन्दी में साहित्य–सृजन आरम्भ हो चुका था। इस अवधि में दोहा, चौपाई, गाथा आदि छन्दों में रचनाएँ हुईं। इस समय के प्रमुख रचनाकार गोरखनाथ, विद्यापति, नरपति नालह, चंद्रबरदाई, कबीरदास आदि हैं।

मध्यकाल (1500–1800)

मध्य काल में हिन्दी में बहुत परिवर्तन हुए। देश में मुगल शासन होने के कारण मुगलों की भाषा का असर हिन्दी पर भी पड़ा। फलत:, फारसी, अरबी, तुर्की आदि भाषाओं से भी करीब 7000 शब्द हिन्दी में समाहित हुए। मुगलों का आधिपत्य हिन्दी भाषा पर भी स्पष्ट झलकने लगा। साथ ही, यूरोपीय देशों से भी व्यापार बढ़ने के चलते पुर्तगाली, स्पेनी, फ्रांसीसी तथा अंग्रेजी के शब्द भी हिन्दी में समाहित होने लगे।

मुगल–दरबार में फारसी में पढ़े–लिखे विद्वानों को नौकरियाँ मिली थीं जिसके परिणामस्वरूप हिन्दी की वाक्य–रचना फारसी की तरह होने लगी। धीरे–धीरे हिन्दी का अपभ्रंश रूप विलुप्त होने लगा।

भक्तिधारा के अनेक विद्वान कवियों ने राम और कृष्ण के जन्मस्थान की भाषाओं (अवधी एवं बृज) में काव्य रचना की जो इस काल की मुख्यधारा मानी जाती है। इसी काल में पिंगल, मैथिली और खड़ी बोली में भी रचनाएँ लिखी जा रही थीं। इस समय के मुख्य कवियों में तुलसीदास, सूरदास, मीराबाई, मलिक मोहम्मद जायसी, बिहारी, भूषण आदि हैं। इसी कालखण्ड में रचित 'रामचरित मानस' जैसा ग्रन्थ विश्वविख्यात हुआ। हिन्दी में क़, ख़, ग़, ज़ फ़ ये पाँच ध्वनियाँ, जिनके उच्चारण प्राय: फारसी में ही पढ़े–लिखे लोग ही करते थे। इसी अवधि में वीरगाथाकालीन रचनाओं का भी सृजन हुआ।

आधुनिक काल (1800 से अब तक)

हिन्दी का आधुनिक काल देश में हुए अनेक परिवर्तनों का साक्षी है। परतन्त्र रहते हुए देशवासी इसके विरुद्ध खड़े होने का प्रयास कर रहे थे। अँग्रेजी का प्रभाव देश की भाषा–संस्कृति पर दिखने लगा था। अँग्रेजी का प्रचलन हिन्दी के साथ बढ़ने लगा। साथ ही, मुगलकालीन व्यवस्था के पतन के साथ–साथ हिन्दी में फारसी शब्दों का प्रचलन कम होने लगा। फारसी से स्वीकार क़, ख़, ग, ज फ का प्रचलन हिन्दी में समाप्त हुआ। अपवाद–स्वरूप कहीं–कहीं ज़ और फ़ ध्वनि शेष बची। क़, ख़, ग़ ध्वनियाँ क, ख, ग में तब्दील हो गई। इस पूरे कालखण्ड को 1800 से 1900 तक माना हा सकता है। इसी काल में खड़ी बोली का उद्भव हुआ। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, प्रताप नारायण मिश्र, ठाकुर जगमोहन सिंह आदि लेखकों ने हिन्दी भाषा–साहित्य को विकसित एवं परिमार्जित करने में अपना योगदान दिया तथा अनेक पत्र–पत्रिकाओं– कवि वचन सुधा, हरिचन्द्रचन्द्रिका, भारत मित्र, दिनकर प्रकाश, सरस्वती ने अपना अमूल्य योगदान दिया। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने कविता को ब्रजभाषा से मुक्त किया एवं उसे जीवन के यथार्थ से जोड़ा। 20वीं सदी का आरम्भ हिन्दी के विकास की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। देश में कई तरह के स्वतन्त्रता आन्दोलन चल रहे थे। इनका माध्यम हिन्दी था। अब हिन्दी केवल उत्तर भारत तक ही सीमित नहीं रह गई थी। हिन्दी अब पूरे भारतीय आन्दोलन की आवाज बन चुकी थी। साहित्य की दृष्टि से बांग्ला, मराठी, हिन्दी से आगे थीं परन्तु बोलने वालों के लिहाज से हिन्दी सबसे आगे थी। इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने की पहल महात्मा गाँधी समेत देश के कई अन्य नेता भी कर रहे थे। सन 1918 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए महात्मा गाँधी ने कहा था कि हिन्दी ही देश की रष्ट्रभाषा होनी चाहिए। सन 1900 से लेकर 1950 के अनेक रचनाकारो ने इसके विकास में योगदान दिया। इनमे मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, माखन लाल चतुर्वेदी, महादेवी वर्मा, मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, सुमित्रा नन्दन पन्त आदि हैं। वर्तमान हिन्दी लेखक भी हिन्दी की विकास धारा को नए शीर्ष पर पहुँचाने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। जी हि

रेखांकन:दिनेश कुमार, जीटी नेटवर्क

मेरी हिन्दी मैं ही सँवारूँ

इस हिन्दी दिवस पर हम सभी को अपने आप से वादा करना होगा कि हम हिन्दी और अपनी संस्कृति पर नाज करेंगे। हम अपनी मातृभाषा को विश्वभर में प्रचलित करने का प्रयास करेंगे

देवांशी अनेजा
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल पुष्प विहार, 9 डी

मैं और मेरी हिन्दी अक्सर ये बातें करते हैं,
क्या होता यदि तुम राष्ट्रीय नहीं, अंतर्राष्ट्रीय बन जाती,
पर यह हो न सका।
और अब यह आलम है,
बस तुम ही नहीं हो हर हिन्द की जुबान पर।
फिर भी सोचती हूँ, तुम हो यहीं कहीं पर।
दिल कहता है, दुनिया को तुम्हारा महत्त्व बता दूँ,
यह जो दीवार है हमारे बीच, इसे हमेशा के लिए मिटा दूँ।

हिन्दी हमारी मातृभाषा है। हिन्दी हर हिन्दुस्तानी की जुबान पर विराजमान है। हिन्दी संस्कृत से जन्मी पहली भाषा है। अन्य विदेशी भाषाओं का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। प्राचीनकाल में हिन्दी भाषा का बहुत महत्त्व था। पर समय के साथ–साथ हमारी भाषा का महत्त्व कम होने लगा। हम इस बात से मुँह नहीं फेर सकते कि आज अँग्रेजी विश्वस्तरीय भाषा है, परन्तु यह याद रखना भी हमारे लिए अनिवार्य है कि हिन्दी हमारे लिए माँ के समान है। आजकल की पीढ़ी अँग्रेजी किताबें तथा पश्चिमी संस्कृति की ओर तेजी से बढ़ रही है जिसके कारण हिन्दी किताबें पढ़ना, यहाँ की संस्कृति को समझना उन्हें अपनी शान के खिलाफ लगता है। कॅरिअर के मानदण्डों पर हिन्दी को बहुत अच्छा नहीं माना जाता। आधुनिक युग में जमाने के साथ चलना बहुत जरूरी हो चला है। यह सही है कि अंतर्राष्ट्रीय भाषा होने के नाते अँग्रेजी का वर्चस्व ज्यादा है पर हमें हिन्दीभाषा को भी अनाथ नहीं छोड़ना चाहिए।

महात्मा गाँधी और रवीन्द्र नाथ टेगौर जैसे महापुरुषों ने अग्रेजी शासन के दौरान सभी भारतवासियों को अँग्रेजी विद्यालयों में न पढ़ने का अनुरोध किया था। उन्हें डर था कि नई पीढ़ी यदि अँग्रेजी भाषा तथा विज्ञान को सर्वप्रिय मानने लग गई तो वह अपनी समृद्ध संस्कृति और विचारधारा को तुच्छ समझने लगेगी। इससे हम अपने ही देश में अनजाने–से महसूस करने लगेंगे।

हमें इस बात पर गौर करना चाहिए और सोचना चाहिए कि कहीं यह डर हकीकत तो नहीं बनता जा रहा। हिन्दी भाषा का स्तर किसी अन्य भाषा से कमतर कतई नहीं है। सैकड़ो विदेशी लोग भी हिन्दी सीखने के इच्छुक रहते हैं। वैसे भी विश्व का सबसे बड़ा बाजार भारत ही है। इसलिए विदेशियों को यहाँ अपना व्यापार बढ़ाना है तो यहाँ की भाषा का ज्ञान होना भी उनके लिए आवश्यक होगा। अपने में बदलाव अच्छी बात है लेकिन हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति को भी दरकिनार नहीं करना चाहिए।

हमें इस बात पर गर्व होता है कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में अपना सम्बोधन हिन्दी में दिया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की इस पहल से विश्वभर में हिन्दी का डंका बजा। इतना ही नही अमेरिका में भी प्रवासियों को सम्बोधित करते वक्त उन्होंने हिन्दी भाषा का इस्तेमाल किया था। विश्व मंच पर हिन्दी मे सम्बोधन से हिन्दी का सम्मान बढ़ा है।

इस हिन्दी दिवस पर हम सभी को अपनेआप से वादा करना होगा कि हम हिन्दी और अपनी संस्कृति पर नाज करेंगे। हम अपनी मातृभाषा और संवैधानिक भाषा को विश्वभर में प्रचलित करने का प्रयास करेंगे। हिन्दी सभी हिन्दुस्तानियों को जोड़ने वाली कड़ी है। इसे हमें नहीं टूटने देना चाहिए। अपने पूर्वजों की इस धरोहर की हमें रक्षा और सम्मान करना चाहिए। जी हि

क्या इंटरनेट स्वच्छन्दता विकास में बाधक है?

ग्राफिक्सः दिनेश कुमार, जीटी नेटवर्क

पक्ष–प्रतिपक्ष

–पक्ष–

इंटरनेट ने हमारे जीवन को बहुत सरल बना दिया है। एक क्लिक पर सारी दुनिया आपके कदमों में बिछ जाती है। दूर देशांतर तक जहाँ आप कभी पहुँचने की कल्पना नहीं कर सकते इंटरनेट के जरिये आप सुगमता से पहुँच सकते हैं। इंटरनेट से एक ओर मानवता धन्य हुई है, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्परिणामों से भी हम अछूते नहीं रह सके हैं। इंटरनेट की उपयोगिता एवं उसके दुष्परिणामों पर चर्चा को लेकर ऐमिटी में एक अंतरविद्यालय वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रस्तुत हैं उसके कुछ अंशः

मानसी आनंद
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल वसुन्धरा सैक्टर 1, 8 ए

हमें स्वछन्दता यानी स्वतन्त्रता अच्छा लगती है। लगे भी क्यों नहीं, स्वतन्त्रता हर इनसान का जन्मसिद्ध अधिकार है। पर स्वतन्त्रता से आखिर हमारा अभिप्राय क्या है? चलिए विचार करते हैं। अब जैसे इंटरनेट को ही लेते हैं। सामान्य शब्दों में इंटरनेट का मतलब है आंतरिक जाल। स्वतन्त्रता मुझे इंटरनेट का उपयोग करने की छूट देती है। पर यह इंटरनेट क्या है? इंटरनेट ऐसा माध्यम है जिसके इस्तेमाल से हम समस्त भूलोक की जानकारी बहुत आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। हमारे मन में कुछ भी जानने की जिज्ञासा हो, हम तुरन्त इंटरनेट की शरणागत हो जाते हैं और अपनी जिज्ञासा समाप्त कर लेते हैं। इंटरनेट ने पूरे संसार को एक गाँव बना छोड़ा है। यानी सारी दुनिया इंटरनेट के जाल जाल में बँध गयी है। सारी सूचनाएँ, हमारी उँगलियों के नियन्त्रण में हैं। विकसित देशों ने तो इसका बहुत लाभ उठाया।

अमेरिका, जिसके पास लगभग सारी सुविधाएँ हैं, उसकी नेशनल सिक्यारिटी एजेंसी (एनएसए) ने सारे ईमेल पढ़ लिये। अमेरिका का मकसद तो बड़ा नेक था– आतंकी हमलों की जानकारी प्राप्त करना। परन्तु हमारी गोपनीयता की तो धज्जियाँ उड़ गयीं। सभी देशों के हुक्मरानों को यही चिन्ता खाए जा रही है कि उनकी आंतरिक जानकारी अमेरिका के पास है। कल ईश्वर न करे, ये जानकारी किसी सिरफिरे के हाथ लग जाए तो क्या होगा? साइबर कैफे में कौन क्या कर रहा है कोई नहीं जानता। सरकार को इंटरनेट कैफे में सीसीटीवी का प्रावधान करना चाहिए ताकि वहाँ होने वाली अप्रिय घटनाओं की निगरानी रखी जा सके।

आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लोग अजनबियों को दोस्त बनाते हैं। इसी से घरों का भेद जानकार चोरी, अपहरण, बच्चों को बरगलाना आदि घटनाएँ आम होती जा रही हैं। इन सभी घटनाओं की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इंटरनेट जिम्मेदार है। मेरे विचार से स्वच्छन्द इंटरनेट एक ऐसा दानव है जो अपनी शक्ति से पूरे राष्ट्र, संस्कृति और विकास को बाधित कर रहा है।

–प्रतिपक्ष–

गौरी शर्मा
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल वसुन्धरा सैक्टर 6, 8 डी

पूर्व युग सा आज का जीवन नहीं लाचार,
आ चुका है दूर द्वापर से बहुत संसार।।

इंटरनेट ने विश्व में जैसा परिवर्तन किया है, वैसा किसी भी दूसरी तकनीक ने नहीं किया। इंटरनेट को स्वच्छंदता विकास में बाधक वाली बात मेरी समझ से परे है। क्या स्वयं मनुष्य स्वयं इसका दोषी नहीं है? दरअसल मनुष्य की स्वार्थ–लिप्सा एवं कलुषित विचारधारा ही इंटरनेट को स्वच्छंदता के विकास में बाधक बनने पर विवश नहीं कर रही है। जैसे, कसाई के हाथ का छुरा जहाँ विभिन्न पशुओं को मौत के घाट उतारता है वहीं डॉक्टर के हाथ में वह लोगों का जीवन बचाता है। एक हवाई जहाज़ जहाँ हज़ारों मील की दूरी थोड़े समय में तय करके अमूल्य समय की बचत करता है, वहीं युद्ध के दौरान बमवर्षक बनकर विनाश का कारण भी बनता है।

स्वच्छन्दता का अर्थ है कि व्यक्ति स्वतंत्र रूप से अपना जीवन जिए। इस परिप्रेक्ष्य में तो इंटरनेट आज के समय में बाधक ना होकर हमारा सहायक ही बना है। आज हम स्वतंत्र रूप से जब चाहे, जैसे चाहे, जहाँ से चाहे घर बैठे अपने उन सभी कार्यों को मिनटों में निपटा सकते हैं जिनके लिए किसी ज़माने में हम अपना बहुत सारा वक्त और उर्जा व्यर्थ करते थे। तब हमें अपने किसी दूसरे कार्य का समय भी केवल एक कार्य के लिए बलि चढ़ाना पड़ता था। इंटरनेट के प्रयोग से मनुष्य आज विश्व–नागरिक बन गया है। यह ज्ञान का, शिक्षा का अक्षय कोष है। इंटरनेट एक सर्वसुलभ अध्यापक है जिसकी सेवाएँ स्वच्छन्दतापूर्वक किसी भी समय ली जा सकती हैं।

इसी स्वच्छन्दता को यदि हम अपनी कल्पना शक्ति या रचनात्मकता के विकास के सन्दर्भ में देखें तो भी मैं नहीं मानती कि यह हमारी इस प्रतिभा में कहीं से कहीं तक बाधक है। आप सोचिए कि हम, आप या कोई भी व्यक्ति यदि इंटरनेट पर कोई ब्लॉग बनाता है तो वह उसकी रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का सबसे बड़ा परिचायक बन जाता है। क्योंकि उसके ब्लॉग पर उसकी अपनी सोच, अपने शब्द, अपने विचार और उन विचारों की तारतम्यता उसकी स्वयं की बनाई होती है।

स्वच्छन्दता का अर्थ है अपने अनुसार जीवन को जीना, न कि किन्हीं नियमों में बँधकर जीना। इंटरनेट हमें इस बात की पूरी आज़ादी देता है कि हम अपने तरीके से स्वच्छन्द होकर जिएँ। स्वच्छन्दता में कोई पूर्ण विराम नहीं होता व्यक्ति का विवेक उसके साथ होता है। इंटरनेट पर ज्ञान का अक्षय भण्डार उपलब्ध है। इसके साथ ही उस पर बहुत सी ऐसी चीज़ें भी हैं जो हमारे उपयोग की नहीं है। लेकिन वे किसी न किसी के उपयोग के लिए तो ज़रूर ही हैं।

जीवन के विकास के साथ ही उसकी आवश्यकताएँ और पूर्ति के साधन साथ होते हैं। निर्भर करता है कि अपनी आवश्यकताओं को कैसे पूरा किया जाए। मेरा मानना है कि स्वयं स्वच्छन्द होकर निर्णय करना अपने चरित्र को और भी मज़बूत बनाना तथा ज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना स्वच्छंदता द्वारा ही सम्भव है। दुनिया में जितने भी अनुसन्धान हुए हैं कहीं न कहीं मनुष्य की स्वच्छन्दता से सम्बन्धित हैं। विज्ञान ने जो भी साधन हमारे लिए उपलब्ध कराए हैं उनका लाभ हम अपने विवेक के साथ स्वच्छन्द रहकर ही प्राप्त कर सकते हैं।

कहानियाँ

सबक

अदवीका, ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल साकेत, 3 सी

एक बार की बात है, मैं और मेरी माँ होटल में खाना खाने गए। वहाँ पर हम दोनों अपनी–अपनी पसन्द के अनुसार खाना मँगवाया। खाना ऑर्डर करने के बहुत देर तक हम इन्तजार करते रहें पर खाना नहीं आया। वहाँ काम करने वाला वेटर बहुत ही खराब काम कर रहा था। बार–बार खाना माँगने पर भी वह हमारी तरफ ध्यान नहीं दे रहा था। कुछ भी मँगवाओ, बहुत देर में लाता था। मुझे बहुत गुस्सा आ रहा था उस वेटर पर। मैंने एक बार उसे झिड़कना चाहा पर मम्मी के मना करने पर मैं चुप हो गयी।

रेखांकनः अदवीका, एआईएस, साकेत

खाना खाकर बिल देते वक्त माँ ने बिल के साथ–साथ उस वेटर को बहुत अच्छी टिप भी दी। यह देखकर मैं माँ से नाराज होकर बोली, 'इस वेटर को आपने इतनी अच्छी टिप क्यों दी? आपने देखा नहीं कितने गन्दे तरीके से उसने हमें सर्विस दी।' माँ ने कुछ नहीं कहा और बोलीं इसका जवाब मैं तुम्हें अगली बार दूँगी।

अगले दिन फिर से हम लोग उसी होटल खाना खाने गए। इस बार उसी वेटरी ने हमारी बहुत खातिर की। हर चीज समय पर मिली हमें। हम उस वेटर सर्विस से बहुत खुश थे। मुझे लगा आज तो माँ और भी अच्छी टिप देगी। लेकिन मेरे विचार के एकदम उलट आज माँ ने उसे उस दिन के मुकाबले सिर्फ एक–चौथाई ही टिप दी। मैं हैरान थी। आज तो माँ को उसे और भी अच्छी टिप देनी चाहिए थी! आखिर माँ से मैंने पूछा तो उन्होंने बताया कि बेटा कल जो अच्छी टिप मैंने उस वेटर को दी थी, वह टिप आज की अच्छी के लिए थी। लेकिन आज जो कम टिप मैंने उसे दी है, वह कल की खराब सर्विस के लिए है। आज मैंने वेटर को सबक दिया है कि अपना काम निःस्वार्थ भाव से करना चाहिए। हमेशा किसी लालच के लिए काम नहीं करना चाहिए। अपने काम को हमेशा खुश होकर पूरी रुचि से करना चाहिए। अच्छे काम का अच्छा परिणाम अवश्य मिलता है और लालच फल बुरा ही होता है।

अब माँ की उस दिन वाली बात मुझे अब अच्छी तरह से समझ आ गयी थी।

रेखांकनः रवीन्द्र गुसाईं, जीटी नेटवर्क

जादुई पेड़

आयुष अनेजा
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल वसुन्धरा, 9 ए

दूर गाँव में एक जादुई नीम का पेड़ था। बीमार लोग उसकी पत्तियाँ खाते और थोड़े ही दिनों में ठीक हो जाते। धीरे–धीरे दूर–दूर से बीमार लोग वहाँ आने लगे और उसकी पत्तियाँ खाकर ठीक होने लगे। अब तो पेड़ मशहूर हो गया। पेड़ को लगने लगा कि वह तो भगवान हो गया है, उसकी पत्तियाँ खा लेने मात्र से लोग ठीक हो रहे हैं। अब तो पेड़ में घमण्ड आ गया। उसने लोगों के साथ बुरा बर्ताव शुरू कर दिया।

एक दिन एक गरीब लंगड़ा आदमी उस पेड़ के पास आया। वह बहुत बीमार था। पत्तियाँ तोड़ने के लिए वह ऊपर उचक नहीं पाया। उस लंगड़े आदमी ने विनम्रतापूर्वक पेड़ से कहा, 'हे जादू के पेड़! मैं बहुत बीमार हूँ और लंगड़ा भी हूँ। मेरी मदद करो मैं तुम्हारी पत्तियों को नहीं तोड़ पा रहा हूँ। तुमसे मेरा विनम्र निवेदन है कि तुम थोड़ा नीचे की ओर झुक जाओ ताकि मैं तुम्हारी पत्तियाँ ले सकूँ और उन्हें खाकर ठीक हो जाऊँ।'

पेड़ ने घमण्ड में आकर कहा, 'हे गरीब आदमी! मैं बहुत महान और जादुई पेड़ हूँ। झुकना मेरी शान के खिलाफ है। तुझे ही आकर मेरी पत्तियाँ तोड़नी पड़ेंगी।' पेड़ की बात सुनकर वह लाचार आदमी दुखी मन से वापस चला गया।

अगली सुबह जब पेड़ सोकर उठा तो वह सन्न रह गया। उस पर एक भी पत्ती नहीं बची है। उसकी शाखाएँ बिना पत्तियों के बहुत भद्दी लग रही हैं। तभी वहाँ पेड़ों के भगवान आए और उन्होंने उस पेड़ से कहा, 'ऐ पेड़! तुमने उस गरीब और लाचार आदमी की मदद नहीं की इसलिए मैंने तुम्हें सजा दी है। जब तुम अपनी पत्तियों से मानवता की सेवा नहीं कर सकते तो तुम्हारा उजड़ जाना ही उचित है।'

अब उस पेड़ को अपनी भूल का अहसास हो गया। वह रोने लगा। उसने भगवान से प्रार्थना की कि वह उसकी जादुई क्षमता उसे लौटा दे। भविष्य में वह हमेशा मानवता की सेवार्थ ही कर्म करेगा। पेड़ को पछताते हुए देख भगवान को उस पर दया आ गयी और उसे क्षमा कर दिया। अगले दिन वह पेड़ फिर से हरा–भरा हो गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि हमें घमण्डी नहीं बनना चाहिए और हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए।

भगवान की मदद

रेखांकनः दिनेश कुमार, जीटी नेटवर्क

रौनिक शर्मा
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल गुड़गाँव सैक्टर 46, 8 एफ

एक किसान खेत में हल चला रहा था। हल चलाते–चलाते उसके हल की शीर (लोहे के वह क्षण जिससे मिट्टी को चीरते हैं) निकल गई। किसान उसे ठीक करने में लग गया। शीर को ठोकने के लिए उसे हथौड़े की जरूरत पड़ी। किसान ने इधर–उधर बहुत देर तक हथौड़ा ढूँढ़ता रहा किन्तु हथौड़ा उसे कहीं नहीं दिखा। इससे किसान बहुत परेशान हुआ। उसने अपने साथ काम करने आई अपनी पत्नी और बच्चों से हथौड़े के बारे में पूछा कि क्या उन लोगों ने हथौड़ा देखा है? उसके घरवालों ने भी ना में सिर हिला दिया। अब परेशान होकर किसान भगवान से प्रार्थना करने लगा कि हे भगवान! मुझे हथौड़ा ढूँढ़ने में मदद करो, मुझे बहुत सारा काम निपटाना है। किसान की करुण प्रार्थना सुनकर भगवान वहाँ प्रकट हुए और उन्होंने दुःखी किसान को बताया कि उसका हथौड़ा दूसरी तरफ पड़ा है, वह जाकर उसे ले ले। किसान दूसरी तरफ गया तो उसने देखा कि हथौड़ा उधर जमीन में धँसा हुआ पड़ा है। किसान बहुत खुश हुआ। किसान ने फिर से भगवान से प्रार्थना की कि हे भगवान मुझे जमीन में धंसे इस हथौड़े निकाल कर मुझे दे दो। पर इस बार न तो भगवान प्रगट हुए और न हथौड़ा निकालने में किसान की मदद की। थककर किसान ने अपने बच्चों को बुलाया और उनके साथ मिलकर अपनी पूरी ताकत लगाकर उस हथौड़े को जमीन से निकाल लिया। इसके बाद अपना हल ठीक करके फिर से अपने काम में जुट गया।

इस कहानी से हमें सीख मिलती है कि भगवान भी उसी की मदद करते हैं जो मदद माँगने से पहले उस वस्तु को खुद पाने का प्रयास करते हैं।

किस्सागोई के महारथी

श्रेया गुप्ता, ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल वसुन्धरा सैक्टर 6, 10 डी

प्रेमचंद ने बड़ी कुशलता से यह निरूपित किया है दुनिया में हमें आत्मीयता जानवरों से तो मिल सकती है किन्तु इनसानों से इसकी अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

हिन्दी साहित्य में सर्वाधिक पढ़े जाने वाले और अब तक के सबसे लोकप्रिय लेखक मुंशी प्रेमचंद हैं। उन्होंने हिन्दी में कहानी और उपन्यास के यथार्थवादी चित्रण से लोगों का दिल जीत लिया। प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के निकट लमही गांव में हुआ था। उनका असली नाम धनपत राय था। अपने मित्र मुंशी दयानारायण निगम के सुझाव पर बाद में 'प्रेमचंद' उपनाम से लिखने लगे और इसी नाम से प्रसिद्ध हुए। प्रेमचंद तत्कालीन हिन्दी और उर्दू के महान लेखक थे। महात्मा गाँधी के स्वतन्त्रता आन्दोलन में शिरकत करने के लिए उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ दी। उनकी कहानियों में समाज के सभी वर्गों का चित्रण बहुत सहज और स्वभाविक ढंग से देखने को मिलता है। हिन्दी कहानी के विकास में मुंशी प्रेमचंद का महत्वपूर्ण योगदान है।
प्रेमचंद की प्रारम्भिक कहानियाँ आर्दशवादिता के ओत–प्रोत थीं। इनका उद्देश्य था– सच्चे का बोलबाला, झूठे का मुँह काला। किन्तु कालान्तर में उनका यह दृष्टिकोण यर्थाथवादी हो गया। लगभग सभी ने मुंशी प्रेमचंद की कहानियों को किसी न किसी कक्षा में जरूर पढ़ा होगा।
'पूस की एक रात' प्रेमचंद की बहुचर्चित कहानी है। इसमें उन्होंने बड़ी कुशलता से इस आशय को निरूपित किया है दुनिया में हमें आत्मीयता जानवरों से तो मिल सकती है किन्तु इनसानों से इसकी अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य को सच्चाई के धरातल पर उतारा। वह साम्प्रदायिकता, भ्रष्टाचार, जमींदारी, कर्जखोरी, गरीबी, उपनिवेशवाद आदि विषयों पर आजीवन लिखते रहे। सन् 1936 में प्रगातिशील लेखक संघ के पहले सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा था कि लेखक स्वभाव से प्रगतिशील होता है और जो ऐसा नहीं है वह लेखक नहीं है। मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के युग प्रर्वतक हैं। उन्होने हिन्दी तथा उर्दू में पूरे अधिकार के लिखा है। उनकी अधिकाँश रचनाएँ मूल रूप से उर्दू में लिखी गई है लेकिन उनका प्रकाशन हिंदी में पहले हुआ। उनकी साधारण मुहावरेदार भाषा आसानी से समझ में आती है और गहराई से दिल में उतर जाती है। आज भी मुंशी प्रेमचंद हम सबके बीच अपनी कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से जीवित हैं। उनके बहुचर्चित उपन्यास– गबन, गोदान, सेवासदन, कर्मभूमि आदि हैं साथ ही उनकी कुछ मशहूर कहानियाँ– जैसे ईदगाह, पंचपरमेश्वर, बडे भाई साहब, ठाकुर का कुआँ, मंत्र, सद्गति आदि है। सन 1936 में उनका देहान्त हो गया। अपने साहित्य लेखन के चलते वह हमेशा याद किए जाते रहेंगे। वह मेरे सबसे प्रिय लेखक हैं।



रेखांकनः दिनेश कुमार, जीटी नेटवर्क

डायरी लेखन

आयुषी गुप्ता, ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल वसुन्धरा सैक्टर 1,10 बी

11 दिसम्बर, 2014
10:50

प्रिय डायरी,

आज मेरा दिन बहुत ही उत्सुकता तथा चिन्ता से भरा था, पर दिन के अन्त में अब मैं बहुत खुश हूं। मैं सुबह जब स्कूल पहुंची तब हमें पहला कालांश शुरू होने से पहले ही एडवेंचर कैंप मानेसर जाने के लिए सूचना पत्र मिल गए थे। मेरी वहाँ जाने की बहुत इच्छा थी। मेरे माता–पिता को मुझे पाँच दिन के लिए अकेले घर से बाहर भेजना ठीक नहीं लग रहा था। इस बारे में पापा से जब बात करती, वह मुझे अनसुना कर देते, और जब मम्मी से कहती तो वह पहले मुझे समझाती और बाद में कहतीं कि मैं पापा से पूछ लूँ। मेरा जाना अब लगभग मना था।
आज स्कूल में मेरे मित्र मुझे बहुत उकसा रहे थे एडवेंचर कैम्प पर जाने के लिए। पर मैं क्या कहती! शाम को नन्दिनी की मम्मी का फोन आया। उन्होंने पता नहीं मम्मी से ऐसी क्या बात कही कि मेरी मम्मी ने कहा, 'ठीक है, देखती हूं आयुषी के पापा से बात करके।' मैं थोड़ी खुश हुई। शाम को पापा घर आए। रात को खाने के बाद मैं, मम्मी, पापा, दादी और भाई डाइनिंग टेबल पर बैठे थे। तभी मम्मी ने पापा से पूछा और पापा ने एकदम से 'हाँ' बोल दिया ! पता नहीं पापा को क्या हो गया! शायद इसलिए, क्योंकि आज पापा अपने लिए नया मोबाइल फोन लाए थे और बहुत खुश थे। जो भी हो, मेरा जाना अब पक्का हो गया है। मैं बहुत खुश हूँ। थोड़ा–थोड़ा डर भी लग रहा है क्योंकि मैं पहली बार मम्मी को छोड़कर जा रही हूँ। जब रात को मम्मी सोने जा रही थीं, तब उन्होंने बताया कि वह बहुत दिनों से पापा को धीरे–धीरे मनाने में लगी थीं। मुझे विश्वास नहीं हुआ। मैंने मम्मी को बहुत–बहुत धन्यवाद दिया। पापा अब भी फोन में लगे हुए हैं, उन्होंने कहा है कि वह मेरा अनुमति पत्र कल भरेंगे। नन्दिनी की मम्मी को बहुत–बहुत धन्यवाद। मेरी कुछ अध्यापिकाओं ने भी मेरी मदद की, उन्हें भी मेरी ओर से बहुत–बहुत धन्यवाद। शुभ रात्रि!

कविताएँ

हमारी राष्ट्रभाषा

कल्पना शर्मा, अध्यापिका
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल वसुन्धरा सैक्टर 6

हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा, आओ इसका गुणगान करें,
अपनाकर इसको हम अपनी, मातृभूमि का सम्मान करें।

है जिसकी माँ संस्कृत भाषा, आओ तुम्हें बताएँ हम,
गुण हैं इसमें कितने देखो, आओ तुम्हें दिखाएँ हम।

यह भाषा जिसमें किसी वर्ण का, अंश भी व्यर्थ न जाता है,
क्योंकि जो बोलते, वह लिखते, जो लिखते, बोला जाता है।

यह सिद्ध हो चुका है, वैज्ञानिक भाषा अपनी हिन्दी है,
यों चमक रही है, दमक रही, ज्यों भारत भाल पे बिन्दी है।

हिन्दी भाषा ही अपने देश की, आन, बान और शान है,
लिखना, पढ़ना और समझना, इसको बहुत आसान है।

जो जगह न दी इसको दिल में, ये चर्चा आम हो जाएगा,
छिन गई जो भाषा अपनी, देश फिर से गुलाम हो जाएगा।

मत समझो हीन उन्हें तुम, जो हिन्दी भाषा अपनाते हैं,
अपनी संस्कृति जीवित रखने को जो मेहनत करते जाते हैं।

सीखो भले और भाषाएँ, न भूलो निज भाषा को,
सर्वोपरि रहे हिन्दी अपनी, मत तोड़ना तुम इस आशा को।

हिन्दी जो रही सबसे ऊपर, बन जाएगा ये देश महान,
भाषा का अपनी मान करे, वह इन्सां पाएगा सम्मान।

जो सच्चे बच्चे हो भारत के, कम से कम इतना काम करो,
अपना कर अपनी भाषा को, इस देश का जग में नाम करो।

ये सच है करेगा जो अपने, देश की भाषा का सम्मान,
वो राष्ट्र विश्व में भर पाएगा, विकास की ऊँची उड़ान।

ऐमिटी के राही

सामन्यु जोशी
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल
मयूर विहार, 6 सी

हम नन्हे ऐमिटी के राही हैं,
कदम से कदम मिलाकर,
बस आगे बढ़ते जाएँ,
हम ऐसे वीर सिपाही हैं।

मेहनत से हम कभी न डरें,
लगन से सारे काम करें,
मंजिल पर अपना ध्यान धरें,
यह शिक्षा हमने पाई है,
हम ऐमिटी के राही हैं।

इन्द्रधनुष से स्वप्न सजाएँ,
प्रेम का हम अमृत बरसाएँ,
बड़ों के आगे शीश झुकाएँ,
यह रीत हमें सिखाई है,
हम ऐमिटी के राही हैं।

छायाः रवीन्द्र गुसाईं, जीटी नेटवर्क

आधुनिक युग की मीरा महादेवी वर्मा

ईशा गुप्ता, ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल वसुन्धरा सैक्टर 1, 5 सी

महादेवी वर्मा आधुनिक हिन्दी कविता में छायावाद, अपनी काव्यात्मक समृद्धि, आंतरिक ऊर्जा, चिन्तन, करुणा और दार्शनिक गम्भीरता के लिए बहुत उल्लेखनीय हैं।

महादेवी वर्मा का जन्म 26 मार्च, 1907 को होली के दिन फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। महादेवी वर्मा की प्रारम्भिक शिक्षा मिशन स्कूल, इन्दौर में हुई। महादेवी वर्मा सन् 1929 में बौद्ध दीक्षा लेकर भिक्षुणी बनना चाहती थी लेकिन महात्मा गाँधी के सम्पर्क में आने के बाद वह समाजसेवी बन गईं। सन् 1932 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत में स्नातकोत्तर की उपाधि लेने के पश्चात महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा प्रसार के मन्तव्य से प्रयाग महिला विद्यापीठ की स्थापना की एवं उसकी प्रधानाचार्या के रूप में कार्यरत रहीं। साथ ही उन्होंने मासिक पत्रिका 'चाँद'' का सम्पादन किया। आधुनिक हिन्दी कविता में छायावाद अपनी काव्यात्मक समृद्धि, आंतरिक ऊर्जा और दार्शनिक गम्भीरता के लिए उल्लेखनीय है।
महादेवी वर्मा छायावद की महत्वपूर्ण कवयित्री हैं।
छायावादी काव्य में अपनी चिन्तन की गम्भीरता, करुणा, प्रेम, रहस्य और गीतात्मक चेतना के कारण वह विशिष्ट महत्व रखती हैं। महादेवी वर्मा ने बहुत ज्यादा लेखन नहीं किया है पर अनुभूति और कलात्मक उत्कर्ष की दृष्टि से उनका काव्य एक मूल्यवान उपलब्धि है। इनकी कविता तत्कालीन समाज में नारी के प्रति संवेदनहीनता और पीड़ा का बखान करती है। महादेवी वर्मा भारतीय दर्शन से बहुत प्रभावित रहीं। एक जगह वह लिखती हैं, 'मुझे दुःख के दोनों ही रूप प्रिय हैं, एक वह जो मनुष्य के संवेदनशील हृदय को सारे संसार से अविच्छिन्न बँधन में बाँध देता है और दूसरा वह जो काल और सीमा के बन्धन में पड़े हुए असीम चेतन का क्रंदन है।'
उनके प्रख्यात कविता संग्रह नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा तथा अग्निरेखा है। यामा उनके प्रथम चार काव्य संग्रहों की कविताओं का संकलन है। वह कवयित्री होने के साथ प्रख्यात गद्यकार भी थीं। उनकी कुछ कृतियाँ इस प्रकार हैंः गिल्लू, मैं नीर भरी दुःख की बदली, नीहार, सांध्यगीत आदि। उनके लेख, निबन्ध, रेखाचित्र, संस्मरण, भूमिकाओं और ललित निबन्धों में जो गद्य लिखा है वह श्रेष्ठतम् गद्य का उत्कृष्ट उदाहरण है।
सन् 1956 में भारत सरकार ने उनकी साहित्यिक सेवा के लिए पद्म–भूषण की उपाधि दी और 1069 में विक्रम विश्वविद्यालय ने उन्हें डी लिट् की उपाधि से अलंकृत किया। 'यामा' नामक काव्य संकलन के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' वर्ष 1983 में प्राप्त हुआ। सन् 1988 में उन्हें 'पद्म–विभूषण' से भी सम्मानित किया गया। 11 सितम्बर, 1987 को महादेवी वर्मा का देहान्त हो गया। उनके जाने से हिन्दी साहित्य ने आधुनिक युग की 'मीरा' को खो दिया।

ऐसे करें कचरे का सदुपयोग

आकाँक्षा बलहारा
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल पुष्प विहार, 10 सी

हर रोज हम बहुत सी चीजों को कूड़ा समझकर फेंक देते हैं। हम इनका इस्तेमाल करके सुन्दर, आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुएँ बना सकते हैं। बस सोच का अन्तर है कि हम इन्हें संसार को गन्दा बनाने के लिए इस्तेमाल करें या सुन्दर बनाने के लिए। जैसे यही लीजिए कि सन्तरे के छिलके का इस्तेमाल करके बहुत खूबसूरत दीपक बनाया जा सकता है। इसी तरह नारियल के कठोर भाग का इस्तेमाल भी छोटा–सा तबला बनाने में किया जा सकता है। ऐसी ही बहुत सारी वस्तुएँ होती हैं जिन्हें हमें बेकार जानकर फेंक देते हैं, जबकि दरअसल वे हमारी लिए बड़े काम की साबित हो सकती हैं। आज हमारे चारों तरफ कूड़े का ढेर दिखाई देता है। कूड़े के इस अम्बार को लगाने वाले हम लोग ही हैं। यदि हम चीजों का उचित इस्तेमाल कर लेंगे तो यह ढेर अपने आप ही समाप्त हो जाएगा। हमें पॉलीबैग को फेंकना नहीं चाहिए। यह एक ऐसा जटिल रासायनिक पदार्थ होता है कि इसे नष्ट नहीं किया जा सकता। अन्य कूड़ा–करकट सड़–गल भी जाता है पर पॉलीथीन नष्ट ही नही होती तो हमें इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए कर लेना चाहिए जैसे इससे दरी, पायदान, टोकरियाँ आदि बना सकते हैं।

अगर हम पॉलीबैग को फेंकेगे तो इससे हमारा वातावरण भी दूषित होगा। हमारें घरों में अखबार तो रोजाना आता है। हम इसका प्रयोग करके टोकरियाँ बना सकते हैं। पुराने अखबार से ही हम अपने घरों की खिड़कियाँ साफ कर सकते हैं। जब हम फल खाते हैं तो उसके छिलके आदि फेंकने की बजाय उसका खाद बनाने के लिए प्रयोग कर सकते हैं। इसी तरह हमारे बगीचों के पत्तों को जलाना नहीं चाहिए। पत्तों से उत्पन्न धुआँ हमारे लिए बहुत हानिकारक होता है। उसे हम एक गड्ढे में डालकर खाद तैयार कर सकते हैं।

प्लास्टिक हमारे पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुँचा रहा है। इसे पुनः चक्रित करना अत्यन्त आवश्यक है। हमें अपनी पुरानी चीजों को या तो पुनः किसी रूप में इस्तेमाल करना चाहिए अन्यथा पुनः चक्रित कर लेना चाहिए।

स्वयं से बनाएँ, सबको दिखाएँ

अंशिका गोयल
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल पुष्प विहार, 10 सी

- सर्वप्रथम पढ़ने के बाद इस्तेमाल में न आने वाली मैगजीन जिसे अकसर रद्दी में डाल दिया जाता है, उसके पन्नों को फाड़िए।
- हर पन्ने को गोल मोड़िए ताकि वह एक पाइप का आकार ले ले।
- गोल मुड़े कागज के दोनों सिरों को फेविकॉल से चिपका दीजिए।
- इसी तरह से बहुत सारे पाइप तैयार कर लीजिए।
- अब पाइपों को एक–दूसरे से इस तरह चिपकाएँ कि वे एक टोकरी का आकार ले लें।
- अब अपनी इच्छानुसार टोकरी में रंग भरकर उसे अधिक आकर्षित बनाया जा सकता है।

रीसाइकिल की साइकिल

हर्षिता राय
ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल पुष्प विहार, 10 सी

केवल कचरा और गन्दगी रहती है यहाँ, एक भी पेड़ नहीं,
अंजाम भुगतेगी प्रकृति, अगर न कदम न हो मानव के सही।
प्रकृति की है ये पुकार, पुनः चक्रित करो बार बार,
एक ही वस्तु अगर करो इस्तेमाल, तो चलेगी सालोसाल।
बोतल, केन, ग्लास या चाहे हो आपकी पुरानी साइकिल,
इस्तेमाल करो और करो फिर से करो रीसाइकिल।
पुनः चक्रित करना प्लास्टिक को, सदा ही रखना स्मरण,
वरना ये प्लास्टिक दूषित कर डालेगा हमारा पर्यावरण।
कागज ही कागज यहाँ वहाँ, करो उन सबको पुनः चक्रित,
पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ और करो वातावरण सज्जित।
क्या, कहाँ, किसे और क्यों करें रीसाइकिल,
एक बार कोशिश करके देखो होगी सारी आसान, मुश्किल।

कैसे बनाएँ पैन पास्ता

• स्वेता साहू, ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल गुड़गाँव सैक्टर 43, कक्षा, 7 बी

सामग्री

पास्ता/मैकरॉनी	एक कप
पानी	ढाई कप
तेल	आधी छोटी चम्मच
बेबी कॉर्न	4
मक्खन	2 बड़ी चम्मच
ऑरिगेनो	1 छोटी चम्मच
प्याज तथा शिमला मिर्च	1–1
मैदा	1 कप
दूध	3 कप
नमक	स्वादानुसार
काली मिर्च तथा मिर्च पाउडर	जरूरत के अनुसार
क्रीम	चौथाई कप
मशरूम	जरूरत के अनुसार

विधिः

- सभी सब्जियों का काट लें।
- कटोरे में मक्खन डालकर 30 सैकिण्ड के लिए गरम करें।
- प्याज डालकर दो मिनट तक पका लें। अब मशरूम, बेबी कॉर्न, शिमला मिर्च, ऑरिगैनो डालकर, 50 मिनट तक पकाएँ। मैदा मिलाकर 40 सैकिण्ड के लिए पका लें।
- नमक, काली मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, दूध डालकर 5–6 मिनट तक पकाएँ। अब क्रीम और उबले हुए पास्ता को मिलाकर दो मिनट तक पकाएँ।
- चीज़ के साथ सजाएं।
- लीजिए आपका व्हाइट सॉस पास्ता तैयार है।

मेरा परिचय

मेरा नामः नमित मेहता
मेरी कक्षाः 3 बी
मेरा विद्यालयः ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल,
सैक्टर –43, गुड़गाँव
मेरा जन्मदिनः 16 अक्टूबर 2007
मेरी पसंदः केक और आइसक्रीम
मेरी रूचियाँः ड्रांइग और कलरिंग
मेरे आदर्शः मेरे पापा
मेरी प्रिय मित्रः मेरी बहन
मेरी प्रिय पुस्तकः नॉडी
मेरा प्रिय विषयः गणित
मैं अपने विद्यालय के समाचारपत्र का हिस्सा बनना चाहता हूँ क्योंकि मेरे माता–पिता मेरी फोटो देखकर बहुत खुश होंगे और मुझे भी अच्छा लगेगा।

स्वच्छ भारत अभियान

एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छता अभियान

स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्तूबर, 2014 को भारत सरकार द्वारा जारी किया गया था। इसमें सभी देशवासियों ने योगदान दिया। इस अभियान को आरम्भ करने का कारण यह था कि हम सफाई के महत्त्व को समझें। महात्मा गाँधी के विचारों को जीवित रखने का यह सार्थक प्रयास है।

स्वच्छ गंगा अभियान

गंगा सफाई योजना के पहले चरण में गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए 1985 में कार्य शुरू हुआ। इसके बाद यमुना, गोमती, दामोदर और महानदी में प्रदूषण कम करने का काम होना है।

महात्मा गाँधी के विचार

'हमें भारत को एक ऐसा देश बनाना चाहिए जहाँ सब नागरिक प्रेम–भाव से रहें और साफ–सफाई रखें। जहाँ शुद्धता होती है, वहाँ ईश्वर का वास होता है।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार

प्रधानमंत्री का मानना है कि स्वच्छ भारत अभियान को देशभक्ति की भावना से जोड़कर देखना चाहिए। उन्होंने दिल्ली स्थित वाल्मीकि बस्ती, से स्वच्छ भारत अभियन की शुरूआत की थी।

प्रमुख उद्देश्य

1 सामाजिक गन्दगी को दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा।
2 सामूहिक प्रार्थना को बल देना, जिससे एकजुट होकर व्यक्ति जात–पात और धर्म की बंदिशों को दरकिनार कर कार्य करें।
3 आखिरी रास्ता चरखा। यह आत्मनिर्भर और एकता का प्रतीक माना जाने लगा था।

संकलनः ईशा डोगरा, इशिता वर्मा, लावण्या तनेजा, एच वी सिद्धार्थ, गीतांजलि वोहरा ऐमिटी इण्टरनेशनल स्कूल गुड़गाँव, कक्षा 10 जी